हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

11 डीटीपी की ततारपुर व पातुहेड़ा में कार्रवाई, नौ एकड़ में अवैध कॉलोनी की ध्वस्त



12 सीईटी को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी, गुरुग्राम व झज्जर के लिए चलेंगी 400 से अधिक स्पेशल बसें



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष पुलिस शिकायत में एक विवाहित ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 14 जुलाई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के खोड़ निवासी गौरव को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### महिला से दुर्व्यवहार का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार 2 जुलाई को फनुका निवासी नवीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता ने नवीन पर गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी वारंट पर

**रेवाड़ी।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में गत 21 जुलाई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के बाद खासापुरा मोहल्ला निवासी मुकेश उर्फ मोनू को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह एक अन्य मामले में जेल में बंद चह रहा है। पूछताछ के दौरान उससे 422 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद फिर से जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस की इकोनॉमिक सेल ने फरवरी माह में दर्ज किए गए धोखाधड़ी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर सिटी थाने में 6 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच इकोनॉमिक सेल को सौंपी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मॉडल टाउन निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर से लापता हुई यूपी की एक महिला

**रेवाड़ी।** शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली एक करीब 25 वर्षीय मुस्लिम महिला घर से बिना बताए लापता हो गई। महिला के पति ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। शहर की एक कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा है। उसकी पत्नी 21 जुलाई को बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### नांगल पठानी की नीलम ने किया नेट क्लीयर

**रेवाड़ी।** जाटूसाना खंड के गांव नांगल पठानी निवासी नीलम ने



अपने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट क्लीयर किया है। नीलम ने यूजीसी नेट की परीक्षा लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस सब्जेक्ट में पास की है। नीलम ने अपनी स्नातक की शिक्षा मिरांडा हाउस कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी से की। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों को दिया है।

## ब्रास मार्केट व नई अनाजमंडी में सरकारी जमीन पर ट्रांसपोटर्स का कब्जा, दिन-रात खड़ी रहती प्राइवेट बसें

# ट्रांसपोटर्स को अनाजमंडी व ब्रास मार्केट में मिल रही फ्री सुविधा, प्राइवेट बसों की लंबे समय से हो रही अवैध पार्किंग

- प्रशासनिक अधिकारी जांच के लिए आते है, लेकिन इन ट्रांसपोटर्स पर प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के प्रमुख मार्गो पर व बाजार में अवैध पार्किंग आफत बनी हुई है। प्रशासन की ओर से सड़कों पर व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है, जिससे शहर में व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। शहर में पार्किंग के स्थान नहीं होने के कारण भी लोगों को मजबूरन सड़कों पर वाहनों को खड़ा करना पड़ रहा है। ब्रास मार्केट व अनाजमंडी में तो प्रशासन ने लंबे समय से ट्रांसपोटर्स को सरकारी जमीन पर प्राइवेट वाहनों को खड़ा करने की सुविधा दी हुई है। नतीजन इन ट्रांसपोटर्स ने सरकारी जगह पर कब्जा कर लिया है। नई अनाजमंडी में फड व टीनशेड के नीचे दिन-रात प्राइवेट बसें खड़ी रहती है। वर्तमान में अनाजमंडी पूरी तरह अवैध पार्किंग का अड्डा बन चुकी है। प्रशासनिक अधिकारी जांच के आते है, लेकिन इन ट्रांसपोटर्स पर प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। ये बसें कंपनियों में कर्मचारियों को ले जाने व वापस लाने के बाद अनाजमंडी में खड़ी हो जाती है। इन बसों को देखकर अब स्कूल व कॉलेज की निजी बसें भी अनाजमंडी में खड़ी होने लगी है।





रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में खड़ी ट्रांसपोटर्स की बसें, ब्रास मार्केट में खड़ी ट्रांसपोटर्स की बसें। फोटो :हरिभूमि

### ब्रास मार्केट से भी नहीं हट रही निजी बसें

ब्रह्मगढ़ के सामने ब्रास मार्केट की जमीन पर टांसपोटर्स लंबे समय से अपना अस्थाई कब्जा जमाए हुए है। मार्केट में दिन-रात बड़ी संख्या में प्राइवेट बस और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। अधिकांश बसें बड़े ट्रांसपोर्टरों की हैं, जो कंपनियों का स्टाफ उठाने और छोड़ने के बाद ब्रास मार्केट में खड़ी कर दी जाती हैं। ट्रांसपोर्टरों ने प्राइवेट बसों को खड़ा करने के लिए ब्रास मार्केट को ही अड्डा बनाया हुआ है। ब्रास मार्केट में अवैध पार्किंग का मुद्दा नगर परिषद हाउस की बैठक में भी उठ चुका है, लेकिन इन बसों को मार्केट से हटवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए है।

### नगर परिषद लंबे समय से नहीं कर रही पार्किंग व्यवस्था

शहर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कही भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद हाउस की बैठक में कई बार पार्किंग का मुद्दा उठाया जा चुका है। इसके बाद नप अधिकारियों की ओर से शहर का विजिट करके 5-6 जगह चिन्हित कर ली जाती है, लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। मेन बाजार व नाईवाली सब्जीमंडी में आने वाले लोगों के लिए अपने वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। बाजार में आने वाले लोग सड़क पर वाहन खड़ा करके चले जाते है वहीं सब्जीमंडी में आने वाले लोगों ने नाईवाली पुल को पार्किंग स्थल बनाया हुआ है। इसके अलावा सरकुलर रोड पर दोनों तरफ पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।

# लिफ्ट देकर युवक से मोबाइल व अंगूठी छीनने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने युवक को लिफ्ट देकर मोबाइल व अंगूठी छीनने के मामले में दो आरोपियों को चंद घंटों में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव डहीना निवासी सावन व गांव जैनाबाद निवासी हिमांशु के रूप में हुई है। हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 रेवाड़ी निवासी कमल यादव गत 21 जुलाई की शाम को अपने दोस्त गौरव के साथ उसकी स्कूटी पर उसके घर मोहल्ला कुतुबपुर गया था। रात्रि के समय पैदल घर वापस आते समय जब वह रामपुरा पुल के पास पहुचा तो, इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आए और उसे बाइक पर लिफ्ट देकर रेवाड़ी कंटेनर डिपो के पास एक सुनसान जगह पर लेकर गए। इसके बाद दोनों आरोपी जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन व एक सोने की अंगूठी छीन कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सावन व हिमांशु को वारदात के चंद घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग की गई एक अपाचे बाइक को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके आरोपी सावन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा आरोपी हिमांशु को पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी सावन पर पहले भी थाना खोल, मॉडल टाउन व थाना शहर में मारपीट व चोरी के 7 मामले दर्ज है। इसके अलावा दूसरे आरोपी हिमांशु पर थाना खोल में चोरी का एक मामला दर्ज है।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# गढ़ी बोलनी रोड पर बना 'ब्लैक स्पॉट' विभाग कर रहा हादसे का इंतजार

- मुख्य रोड पर बना लंबा चौड़ा गड्ढा, कई बार धंध चुके हलके वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी रोड पर रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। कसोला चौक के पास सड़क के बाएं हिस्से पर गहरा और लंबा चौड़ा गड्ढा बन गया है, जिसमें आए दिन वाहन धंस रहे हैं। वाहन खराब भी हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने 'ब्लैक स्पॉट' को ठीक नहीं कराया है। इससे सड़क पर बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। शहर से दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे और दूसरे मार्गों को जोड़ने के लिए गढ़ी बोलनी रोड सबसे उपयुक्त है। इस रोड से हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। कसोला चौक के पास रोड के बींचों-बीच लंबा चौड़ा गड्ढा खाई की तरह बना हुआ है। गड्ढे में पानी भरा हुआ होने के कारण वाहन चालकों को इसकी गहराई का पता नहीं चलता, जिससे वाहन अचानक गहरे गड्ढे में घुस जाते हैं। गड्ढा इतना गहरा हो गया है कि आगे का हिस्सा उसमें जाते ही पीछे का हिस्से अधर हो जाता है। वाहन की स्पीड ज्यादा होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता है। इस 'ब्लैक स्पॉट' को खत्म करने के लिए विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इसी रोड पर नेशनल हाइवे के फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर लंबा-चौड़ा गड्ढा बना हुआ है। यहां भी हादसों की आशंका बनी रहती है। चार दिन पहले बाइक सवार की इसी जगह मौत हो चुकी है।





रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड पर बना भारी-भरकम गड्ढा, कसोला चौक पर बरसात से बने गड्ढे। फोटो :हरिभूमि

### कई जगह सड़कों की दुर्दशा

बारिश के बाद कई मुख्य मार्गों पर सड़कों की हालत खराब हो चुकी है। बड़े गड्ढों में पानी भरा होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। अभी बरसात का मौसम चल रहा है, जिस कारण पानी इन गड्ढों में भर जाता है। पानी के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे इनमें वाहन जाने से हादसे हो सकते हैं। लोक निर्माण विभाग और एचएसआरडीसी की सड़कों पर कई जगह गड्ढे खतरनाक हालात में हैं, जिनसे कोई भी हादसा हो सकता है।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने पर केस दर्ज

- महिला के अनुसार उसके पति को कैंसर है तथा उनके दो बच्चे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नेहरूगढ़ गांव की एक महिला ने अपने जेठ पर अभद्र छेड़छाड़ व मारपीट तथा सास ससुर पर झगड़ा करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जुलाई को उसके जेठ राजेंद्र ने उसके साथ अभद्र हरकत की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर उसके पति मौके पर पहुंचे तो जेठ ने उनके साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला के अनुसार उसके पति को कैंसर है तथा उनके दो बच्चे हैं। उसकी सास भतेरी ससुर खुशी राम व जेठ मिलकर उन्हें घर से निकालना चाहते हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मंगलवार को आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 17.21 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहड़ाई थाना पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव आशियाकी गोरावास निवासी मनीष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17.21 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 21 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि मनीष निवासी गांव आशियाकी गोरावास नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है तथा अपने गांव से करावरा मानकपुर रास्ते के साथ लगते कच्चे रास्ते पर गांजा बेचने के लिए पैदल जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 17.21 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।



### गोकशी एक्ट का चौथा आरोपी पांच साल बाद धरा

**रेवाड़ी।** गोवंश को वध के लिए कैंटर में भरकर ले जाने के मामले में पांच साल से फरार एक और आरोपी गिरफ्तार। इस मामले में पुलिस पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 21 जनवरी 2020 को पुलिस ने बस स्टैंड गोकलगढ़ के पास एक कैंटर गाड़ी से कुछ गोवंश को मुक्त करवाया था। गो-तस्कर गोवंश को वध के लिए लेकर जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में हरियाणा गोवंश संरक्षण व गोसंवर्धन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके मामले में पांच आरोपी मोहम्मदीन उर्फ मुल्ला, वाजिद उर्फ वज्जी, आरिफ, आदिल व शमशेर उर्फ लल्लू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में गो तस्करी में संलिप्त एक अन्य आरोपी का नाम भी सामने आया था। जो इस मामले में पुलिस ने सोमवार को पांच साल से फरार चल रहे एक और आरोपी इमरान उर्फ अन्ना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी इमरान उर्फ अन्ना। फोटो :हरिभूमि

## दोपहर तक 20 एमएम बारिश होने का अनुमान, 23 जुलाई को भी अच्छी बारिश होने की संभावना

# जिले के कई भागों में अच्छी बारिश, आज जलाभिषेक भी करेंगे इंद्रदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कई इलाकों में एक बार फिर अच्छी बारिश हुई। बारिश के बावजूद उमस भरी गर्मी से निजात नहीं मिली है। बारिश के बाद उमस और बढ़ गई, जिससे शाम तक गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। मौसम विभाग के अनुसार 23 जुलाई को महाशिवरात्रि के दिन भी अच्छी बारिश हो सकती है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दस बजे के बाद बादल गहरा गए। दोपहर तक कई भागों में कहीं मध्यम, तो कही तेज बरसात हुई। जिले में औसत 20 एमएम तक बरसात हुई। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सिस की वृद्धि के साथ 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बरसात के बाद हवा में नमी का स्तर 85 फीसदी तक हो गया, जिससे उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। चिपचिपाहट भरी गर्मी ने पसीना सूखने नहीं दिया। कूलरों की हवा भी उमस के कारण बेअसर बनी रही। चिपचिपाहट भरी गर्मी ने शाम तक लोगों को खूब परेशान किया। शाम को एक बार फिर बादल गहराने के बाद और बारिश होने की संभावना बनी हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने के आसार हैं। इस दौरान आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी होती रहेगी। बीच-बीच में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। महाशिवरात्रि के दिन अच्छी बारिश होने की संभावना है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। उमस भरी गर्मी से राहत अच्छी बारिश के बाद ही मिल सकती है।



रेवाड़ी। हलकी बरसात से जलमग्न नाईवाली सब्जीमंडी। फोटो :हरिभूमि

### फसलों के लिए मौसम बना हुआ है अनुकूल

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह मौसम कपास और बाजरे की फसलों के लिए काफी लाभदायक है। बार-बार बारिश होने से दोनों फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। कपास की फसल पर फूल आने शुरू हो गए हैं। ज्यादा बारिश से बाजरे की फसल को रोग लगने का खतरा है, जिसके प्रति किसानों को सावधानी बरतनी होगी। फसल पर रोग के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर दवा का छिड़काव करना चाहिए।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा
## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

# अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में कीं। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

खबर संक्षेप

## राजकीय महाविद्यालय कोसली में दाखिला शुरू

**कोसली।** कोसली के राजकीय महाविद्यालय में एमएससी मैथ में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. लाज कौशल ने बताया कि महाविद्यालय में एमएससी मैथ में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी 29 जुलाई तक उच्चतर शिक्षा निदेशालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपना आनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। एमएससी मैथ में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी के पास स्नातक की डिग्री गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होनी चाहिए। 31 जुलाई को प्रथम वरीयता सूची जारी की जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्या द्वारा ऑनलाइन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए समिति का गठन किया है।


प्राचार्या डॉ. लाज कौशल।



## कनूका गांव में चला जागरूकता अभियान

रेवाड़ी। गांव कनूका में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की सुपरवाइजर स्नेहलता ने कहा कि समाज में लगातार बेटियों की घटती संख्या एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों को भी बेटों के समान मान-सम्मान दिया जाए। बेटियों को शिक्षित कर सशक्त बनाना ही समाज की सच्ची प्रगति का आधार है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे भ्रूण हत्या जैसे अपराधों को रोकने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संदीपा, संतोष, सहायिका भगवती, मंजू और स्कूल के अध्यापक शेर सिंह उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय झंडा अंगीकरण दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने राष्ट्रीय झंडा अंगीकरण दिवस के अवसर पर जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतिहास में 22 जुलाई का दिन हर भारतीय के लिए बहुत महत्वपूर्ण और गर्व का दिन है। रंग, रूप, वेशभूषा से चाहे हम कितने भी अनेक हों, लेकिन जब हम तिरंगे के नीचे खड़े होते हैं तो हम सब एक हैं, भारतीय हैं। आज उसी भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अंगीकरण दिवस है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में आज ही के दिन हमारे राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया गया था। एकता, अखंडता एवं बलिदान का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हम सभी को मातृभूमि की सेवा में निरंतर समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।
डीसी मीणा ने बताया कि 26 जनवरी 2002 को भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन किया गया और स्वतंत्रता के कई वर्ष बाद भारत के नागरिकों को अपने घरों, कार्यालयों और फैक्ट्रियों आदि संस्थानों में न केवल राष्ट्रीय दिवसों पर, बल्कि किसी भी दिन बिना किसी रुकावट के राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति दी गई।

### दो जगहों पर पुलिस को साथ लेकर विभाग ने चलाया बुल्डोजर

# डीटीपी की ततारपुर व पातुहेड़ा में कार्रवाई अवैध कॉलोनी में चारदीवारी, डीपीसी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-मीरपुर रोड व बावल के पातुहेड़ा में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की, जिससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर प्लॉट खरीदने वाले लोगों तक में हड़कंप मच गया। मंगलवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम रेवाड़ी-मीरपुर रोड पर गांव ततारपुर की राजस्व सीमा में पहुंची। जहां पर डीटीपी की जेसीबी ने 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।। डीटीपी टीम ने यहां 12 डीपीसी, 5 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने बावल के गांव पातुहेड़ा की राजस्व सीमा में करीब 4 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में कच्चे रोड व चारदीवारी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस कार्रवाई से प्लॉटिंग का कार्य करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। डीटीपी की कार्रवाई के बावजूद नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी पर चलती डीटीपी की जेसीबी व अवैध कॉलोनी पर चलती डीटीपी की जेसीबी।

### अवैध कॉलोनियों में दोहरे नुकसान से बचें



*डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं।*


रेवाड़ी। कैंप में बच्चों की जांच करते हुए।

## शिविर में विशेष आवश्यकता वाले 45 बच्चों की चिकित्सा जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को समग्र शिक्षा के तहत नागरिक अस्पताल में रेवाड़ी खंड के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एडीसी राहुल मोदी ने किया। शिविर में कुल 45 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। कैंप में 26 दिव्यांगों को चिकित्सीय प्रमाण पत्र व 22 दिव्यांगों को 30 सहायक उपकरण के लिए नामांकित किया गया। इसके अलावा कैंप में जरूरतमंद बच्चों के रेलपास व बस पास बनाए गए। कैंप में दिव्यांग छात्रों के अभिभावक भी मौजूद थे। मुख्यातिथि एडीसी राहुल मोदी ने ऐसे बच्चों के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कैंप में रावमावि हांसाका की प्राचार्य आशा व जिले के सभी विशेष अध्यापक भी मौजूद रहे। नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सों ने बच्चों की जांच की। डा. जोगेन्द्र सिंह तवंर सहित सभी चिकित्सकों व स्टाफ ने कैंप में सहयोग दिया। इस मौके पर जिला परियोजना संयोजक कार्यालय से एपीसी श्रीकृष्ण, प्रदीप कुमार उपाधीक्षक तथा डॉ. कमल सिंह डीईओपी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## अंजलि ने अंग्रेजी साहित्य में किया जेआरएफ क्वालीफाई

रेवाड़ी। गांव खुर्शीद नगर निवासी अंजलि यादव ने 22 वर्ष की आयु में अंग्रेजी साहित्य में 99.85 परसेंटाइल के साथ जेआरएफ क्वालीफाई किया है, इससे पहले वे नेट भी दो बार क्वालीफाई कर चुकी है। उन्होंने यह उपलब्धि अपनी पढ़ाई के दौरान कोचिंग के बिना प्राप्त की है। अंजलि दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हॉउस कॉलेज की छात्रा है। अंजली के भाजपा नेता बलजीत सिंह यादव एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़पुर की प्राचार्य पूनम यादव की पुत्री है। इस उपलब्धि पर गांव के सरपंच महावीर यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, पूर्व जिला अध्यक्ष हुकुमचंद यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान, हसला के पूर्व प्रदेश प्रधान अनिल यादव, पूर्व जिला प्रधान रविंद्र भाकली व पूर्व जिला प्रधान हरीश यादव सहित गणमान्य लोगों ने अंजलि को बधाई दी।


अंजलि यादव

# अस्पताल की मांग को लेकर धरना जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर में सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का धरना बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों को धरना मंगलवार को 36वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रोजना अलग-अलग गांवों से लोग शामिल होकर अपना समर्थन दे रहे है। धरने पर अब तक दर्जन भर से अधिक गांवों के ग्रामीण शामिल हो चुके है। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि जब तक ग्रामीणों की मांग को नहीं माना जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि भगवानपुर की जमीन सरकारी अस्पताल के लिए सबसे उपयुक्त है, इसलिए सरकार जल्द संज्ञान लेकर ग्रामीणों की मांग को पूरा करें। मंगलवार को जेपी क्रांतिकारी आंदोलन में शामिल रहे रमेश चंद्र शर्मा दिल्ली व कॉमरेड दिलीप सिंह नारनौल भी धरना स्थल पर पहुंचे और क्रांतिकारी गीत सुनाकर लोगों में जोश भरा। इस मौके पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह, महिपाल फदनी, रामेश्वर पाली, सतीश सरपंच बुड़ानी, सत्यवीर एक्स सरपंच भगवानपुर, अनिल सरपंच गोकलपुर, अशोक एक्स सरपंच मीरपुर, अभय सिंह फिदेड़ी, एडवोकेट सुधीर मीरपुर, खजान सिंह एक्स सरपंच बुडानी, इंद्रजीत नंबरदार रामगढ़, हरिओम मिस्त्री, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह फौजी, शोभाराम, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, गीता देवी, कविता देवी, सुशीला, मुकेश, रमेश, शीला, मोनिका, निर्मला, ज्ञानवती, बीरमती, राजेश्वरी, बिमला, कमलेश शकुंतला, बिमला, हेमा, कमला, सुनीता व आशा मौजूद रहे।


रेवाड़ी। सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण।



### नीट में सफलता पाने वाले विद्यार्थी सम्मानित किए

रेवाड़ी। धारूहेड़ा स्थित आरपीएस विद्यालय में नीट में सफलता प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव मुख्य अतिथि थे व अध्यक्षता प्राचार्या रमनप्रीत कौर ने की। नीट में सफलता प्राप्त करने वाले एकलव्य, जयंत, इशु, हिमांशु, खुशी, ओजस्वी, श्रेया, अभिषेक, आदित्य, दिव्या, निशा लांबा और पर्व को सीए फाउंडेशन में सफलता प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पंचनद सेवा समिति ने सेक्टर-18 में अस्पताल बनाने को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की मांग को लेकर पंचनद सेवा समिति ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर 200 बेड के आधुनिक अस्पताल के निर्माण की अपील की। इस दौरान समिति ने मुख्यमंत्री को एक गदा भेंट कर सेक्टर-18 में प्रस्तावित स्थान पर अस्पताल निर्माण को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। पंचनद सेवा समिति के जिला अध्यक्ष केशव चौधरी ने कहा कि शहर को लंबे समय से एक बड़े सरकारी अस्पताल की आवश्यकता है। सरकार की ओर से अस्पताल की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन अब शहर के आसपास की कुछ पंचायतें इसे अपने गांव में बनवाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल शहर से बाहर किसी ग्रामीण क्षेत्र में बनाया गया तो इससे शहरवासियों और आपातकालीन स्थिति में इलाज के लिए आने वाले जरूरतमंदों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में सेक्टर-18 में उपलब्ध अस्पताल भूमि पर ही इसका निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि शहरी और निकटवर्ती क्षेत्र के लोगों को त्वरित एवं सुलभ इलाज मिल सके।


रेवाड़ी। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए समिति के सदस्य।

# जन्म से पहले बेटियों की हत्या अपराध : मंजू

■ महिला एवं बाल विकास विकास विभाग ने खंडोड़ा में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

महिला एवं बाल विकास विकास विभाग की ओर से गांव खंडोड़ा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बेटियों के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर विभाग की सुपरवाइजर मंजू ने कहा कि बेटियों को भी समाज में बेटों के बराबर अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का आईना होती हैं और उन्हें आज भी लड़कों से कम समझा जाता है, जबकि वर्तमान में बेटियां हर क्षेत्र मे लड़कों के बराबर खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज भी कुछ लोग बेटे की चाहत में बेटियों को जन्म से ही पहले हत्या कर देते हैं, जो न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि मानवता के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी समान शिक्षा व सम्मान का अवसर मिलना चाहिए ताकि वे भी आत्मनिर्भर बनकर समाज में विशेष भूमिका निभा सकें। मंजू ने कहा कि सरकार ने भ्रूण हत्या रोकने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरपंच पूनम देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजबाला, जगन देवी, राजेश देवी, आशा वर्कर रितु, सुनीता उपस्थित रहीं।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए महिलाएं।

## सैनी सभा के नवनिर्वाचित प्रधान मनोज सैनी का विधायक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनी सभा के नवनिर्वाचित प्रधान मनोज सैनी का मंगलवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने पूर्व प्रधान अनिल सैनी के आवास पर स्वागत किया तथा नवगठित टीम को शुभकामनाएं दी। विधायक ने सैनी सभा के नव निर्वाचित प्रधान मनोज सैनी को पगड़ी पहनाकर तथा शॉल ओढाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि प्रधान बनने के साथ ही उन पर समाज को आगे ले जाने के साथ-साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी बढ़ गया है। उन्हें उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में सैनी समाज और तरक्की करेगा तथा सभा के संचालन में चल रही शिक्षण संस्थाएं भी और तेजी के साथ तरक्की करेंगी। उन्होंने कहा कि समाजसेवा में भी सैनी समाज अपनी सराहनीय भूमिका निभाता आ रहा है। ऐसे में नवनिर्वाचित प्रधान मनोज सैनी व नवगठित टीम का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि वह समाज के सभी लोगों को एकसाथ लेकर मजबूती के साथ कार्य करें। इस मौके पर प्रधान मनोज सैनी ने कहा कि समाज ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ निवर्हन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। समाज ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।


रेवाड़ी। सैनी सभा के प्रधान का सम्मान करते विधायक।

### एक सप्ताह में पूरे कराएं डा. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र योजना के आवेदक

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत अलग-अलग कैटगिरी में प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जिला कल्याण अधिकारी रेणु बाला ने बताया कि जिन आवेदकों ने योजना अनुसार सरल पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया हुआ है और उनका आवेदन दस्तावेज पूर्ण न होने पर रिजेक्ट हुआ है।

**बेदखली सूचना**

मैं, जय नारायण पुत्र श्री गणपत निवासी गांव भगवानपुर, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र ललित कुमार व पुत्रवधू सुरेखा मेरे व मेरी पत्नी सुनीता के कहने-सुनने से बाहर है। उनके व्यवहार व लड़ाई झगड़े से परेशान होकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनसे लेन-देन व व्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरा उनसे कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है।

# भोले बाबा का जलाभिषेक आज, हरिद्वार से कांवड़ लेकर पहुंचे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान शिव का पावन पर्व मास शिवरात्रि बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मंदिरों में सुरक्षा व व्यवस्था के प्रबंध किए है। शिवरात्रि पर मंदिरों में कांवड़ व भोले का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए भी हरिद्वार से जिले में पहुंच गए है।
शिवरात्रि के पर्व को लेकर शहर के मोती चौक स्थित प्राचीन घंटेश्वर महादेव मंदिर, शिव चौक स्थित शिव प्रतिमा, सोलहराही स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर, भाड़ावास रोड स्थित बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाजमंडी शिव मंदिर व आजाद चौक स्थित शिव मंदिर सहित जिले के सभी मंदिरों में मंदिर कमेटियों की ओर से तैयारियां कर ली गई है। सामाजिक संगठनों व युवाओं की ओर से कांवड़ सेवा शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा की जा रही हैं। शिविर में कांवड़ियों के भोजन, पानी, दवाइयां व विश्राम की सुविधाएं की गई। सेक्टर-3 युवा मंडल की ओर से दिल्ली रोड पर कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया है।



रेवाड़ी। शिविर में कांवड़ियों की सेवा करते श्रद्धालु व शिविर में रखी हुई कांवड़।

**सूचना**

मैं, अनिता विधवा श्री हरीओम निवासी ग्राम झाबूआ तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरी पुत्री सीमा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, होशियार सिंह पुत्र राम सिंह पुत्र लाल सिंह गांव सहादत नगर तहसील कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी 34 वर्षीय बेटी रेणु तेरह वर्ष पूर्व हमारी सहमति के बिना हमारे घर से चली गई थी। अब उसका मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं है। मैं उसे अपनी समस्त चल और अचल संपति से बेदखल करता हूं। उसका मेरी व मेरे परिवार की सम्पत्ति में कोई अधिकार नहीं होगा। वह किसी से अपने व्यवहार और आचरण के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सूमाखेड़ा में पुराने छोटे व बड़े लोहे के गाटर, टुकड़ी, डीजल इंजन, पंखा, लोहे का गेट आदि की नीलामी दिनांक 01.08.2025 को प्रात: 11 बजे पंचायत घर में की जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत सूमाखेड़ा, खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)
मो. 9671410593, 9416691546

### खबर संक्षेप



## पुलिस ने नाबालिग को परिजनों से मिलाया

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बस स्टैंड धारूहेड़ा के पास लावारिस हालत में घूम रहे 13 साल के एक नाबालिग बच्चे के परिजनों की तलाश कर हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। गत 21 जुलाई को पुलिस को धारूहेड़ा बस स्टैंड के पास एक 13 साल के बच्चे के लावारिस हालत में घूमने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने बच्चे को बरामद कर उससे परिवार के बारे में पूछताछ की तो वह कुछ नहीं बता पाया।

## मायके आई महिला की सड़क हादसे में मौत

**रेवाड़ी।** त्योहार पर अपने मायके खरखड़ा आई बुड़ौली की एक महिला की मंगलवार सायं किसी वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। बुड़ौली निवासी महावीर की पत्नी राज देवी अपने मायके खरखड़ा आई थी। जब वह बस स्टैंड पर सड़क पार कर रही थी, तो किसी वाहन से उसे टक्कर मार दी। राज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### महेन्द्रगढ़ जिले के अभ्यर्थियों को छोड़ने के लिए शटल सेवा की होगी सुविधा

# सीईटी को लेकर तैयारियां पूरी, गुरुग्राम व झज्जर के लिए चलेंगी 400 से अधिक स्पेशल बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से ग्रुप-सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो यह हम सब की जिम्मेदारी है, इसके लिए अधिकारी व्यापक तैयारियां करें। डीसी अभिषेक मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला अधिकारियों के साथ सीईटी की तैयारियों के संबंध में बैठक ले रहे थे। बैठक से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आगामी 26 व 27 जुलाई को ली जाने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा-2025 यानि सीईटी ग्रुप-सी की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों को उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने हेल्प डेस्क स्थापित करने और परीक्षा केंद्र तक समय पर परीक्षार्थियों को पहुंचने के लिए व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सीईटी को लेकर गाइडलाइन के अनुसार समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। सीईटी के लिए रेवाड़ी जिले में 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें करीब 18 हजार परीक्षार्थी, दो दिनों में चार शिफ्टों में परीक्षा देंगे। डीसी ने बताया कि रेवाड़ी में महेंद्रगढ़-नारनौल जिले से आने वाले परीक्षार्थी परीक्षा देंगें, उनके रात्रि ठहराव की व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुचांने के लिए रूट बनाकर शटल सुविधा का प्रबंध भी किया गया है।



रेवाड़ी। सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

### आयोग की वेबसाइट से करें एडमिट कार्ड डाउनलोड

डीसी ने बताया कि ग्रुप-सी की सीईटी के लिए एडमिट कार्ड साइट पर अपलोड कर दिए हैं। परीक्षार्थी एचएसएससी की साइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए परीक्षार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या मोबाइल नंबर और पासवर्ड के साथ ही लॉग इन में दिए गए सिक्योरिटी पिन को दर्ज करना होगा। परीक्षाएं प्रातः कालीन व सायं कालीन सत्र में आयोजित की जाएंगी।डीसी ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की ओर से परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए विभाग ने ऑनलाइन एंडवास बुकिंग की सुविधा प्रदान की है तथा परीक्षार्थी अपने यात्रा स्लॉट की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला रेवाड़ी के परीक्षा केंद्र गुरुग्राम व झज्जर जिला में बनाए गए है, जिनको लाने व ले जाने के लिए स्पेशल बसों की सुविधा की गई है। जीएम रोडवेज प्रदीप कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी डिपो द्वारा गुरूग्राम व झज्जर जिले में सीईटी की परीक्षा के लिए शिफ्ट वाइज 400 से अधिक स्पेशल बसें चलाई जाएगी। इसके अलावा जिले में महेन्द्रगढ़ के अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए रेवाड़ी डिपो से शटल बस सेवा का संचालन किया जाएगा। रेवाड़ी में सीईटी के अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों तक शटल बस सेवा के लिए 12 रूट बनाए गए हैं। सभी शटल बस सेवाएं प्रातः 6 बजे से शुरू होगी।

### दिव्यांगों के लिए भी व्यापक व्यवस्था रहेगी

उन्होंने बताया कि दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन शनिवार व रविवार को किसी भी अधिकारी व कर्मचारी का अवकाश नहीं रहेगा और सभी स्टेशन मैंटेन रखेंगे। डीसी ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व सरकार नकल रहित निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षाएं कराने के लिए कृतसंकल्प हैं। जिला पुलिस की ओर से भी पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करते हुए अलर्ट मोड में कार्य किया जाएगा। बैठक में एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम कोसली विजय कुमार, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, डीएमसी ब्रह्मकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन प्रदीप कुमार व ईओ नगर परिषद सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## योग एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा में पाई सफलता

- योग विभागाध्यक्ष डा. श्रुति ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि की सराहना की



प्रिया एवं दिव्या गुलाटी।

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के योग विभाग एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। योग विभाग के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थी निशा, रहीशा, रितु, प्रियांशी और छात्र रजत एवं वाणिज्य विभाग की दो छात्रा प्रिया एवं दिव्या गुलाटी ने यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय व विभाग का नाम रोशन किया है। योग विभागाध्यक्ष डा. श्रुति ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर विभाग से प्राध्यापक डा. जयपाल सिंह राजपूत, डा. अमनदीप, डा. धर्मवीर यादव, प्रवीण कुमार और अमित उपस्थित रहे। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अदिति शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिया एवं दिव्या गुलाटी वाणिज्य विभाग की छात्रा रही है एवं यहीं से पीएचडी कर रही हैं।

## डहीना में मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी का सब सेंटर स्थापित करने की मांग

- सहकारिता मंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा



रेवाड़ी। मंत्री डा. अरविंद शर्मा से मुलाकात करते हुए विधायक अनिल यादव।

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन विकास मंत्री डा. अरविंद शर्मा से मुलाकात कर डहीना में मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी का सब सेंटर स्थापित कराने का अनुरोध किया। विधायक अनिल यादव ने बताया कि डहीना में लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती-बाड़ी है। इस एरिया में डहीना और इसके आसपास मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी का कोई सब सेंटर नहीं है, जिस कारण यहां के किसानों को खाद, बीज आदि लेने में दिक्कत होती है। रेवाड़ी जिला की मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी का एक सब सेंटर डहीना में स्थापित हो जाए तो इस क्षेत्र के किसानों को घर के नजदीक ही डीएपी, यूरिया, बीज, रासायनिक दवाईयां आदि खरीदने का लाभ मिल सकेगा। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने आश्वासन दिया कि उनकी इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## पौधरोपण हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य एवं धर्म



रेवाड़ी। सरकारी स्कूल में बच्चों को पौधे वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- कार्यक्रम का आयोजन स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया

राजकीय स्कूल गोकलगढ़ में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जटेला धाम के पीठाधीश्वर एवं जाने-माने आध्यात्मिक विचारक महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की जरूरत है तथा पौधरोपण हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य एवं धर्म है। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ताराचंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता डा. अरविंद यादव ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि मानव जीवन बहुत अनमोल है, इसे व्यर्थ में नहीं बिताना, बच्चों को अपने सपनों के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना है। माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। पर्यावरण को बचाना आज हम सभी की जिम्मेदारी है। फाउंडेशन के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोकलगढ़, कमासपुर व रोहड़ाई में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अनिल कुमार रायपुर, नेकीराम यादव, यशवंत भारद्वाज नारनौल, रणबीर, राजबीर सरपंच, ब्रिगेडियर रामेश्वर दयाल, पुरुषोत्तम, मनीराम, सज्जनसिंह, सूबे सिंह, सरपंच रमेश बीरड़, सत्यवान, देवीसिंह रावत व डीएसपी मानसिंह सहित स्कूल स्टाफ तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## यदुवंशी स्कूल में स्कॉउट एंड गाइड्स कैंप का शुभारंभ

- कैंप संयोजक आशीष तेहरान ने विद्यार्थियों को मूल सिद्धांत और कौशल का प्रशिक्षण दिया



रेवाड़ी। स्कूल में छात्रों को जानकारी देते प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड स्थित यदुवंशी स्कूल में मंगलवार को तीन दिवसीय स्कॉउट एंड गाइड्स कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप संयोजक आशीष तेहरान ने विद्यार्थियों को मूल सिद्धांत और कौशल का प्रशिक्षण दिया। कैंप में विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। विद्यार्थियों को हाइकिंग, कैंप फायर और कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व की भावना व व्यक्तिगत विकास करना है। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुकेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कैंप में अनुभवी प्रशिक्षकों की ओर से छात्रों को जानकारी दी जाएगी। इससे छात्रों में अनुशासन व नेतृत्व की भावना का विकास होगा। स्कूल के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि जब तक छात्र अनुशासित नहीं रहेंगे तब तक समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित नहीं कर सकते है।

## राज स्कूल के छात्रों की अनूठी पहल, ग्रामीणों के साथ पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। ग्रामीणों के साथ गांव में पौधे लगाते राज स्कूल के बच्चे व ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते राज स्कूल के बच्चे।

राज इंटरनेशनल स्कूल के प्लांटेशन क्लब के छात्रों ने अनूठी पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दिया। क्लब से छात्र अद्विित गुप्ता, सर्वज्ञ, लवी, बिधिषा, भावेश, दीपांशु राव, गर्वित, अभिनव, चिराग, कृति, निश्का और नक्श की ओर से भाड़ावास, जाटूवास और जैतड़ावास में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना था, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव भी जगाना था। अभियान में बच्चों ने फलदार, फूलदार और छायादार सहित अनेक प्रजाति के पौधे लगाए। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक नवीन सैनी, शिक्षक राजेश कुमार, विवेक भारद्वाज व विनय भी मौजूद थे। भाडावास गांव से सरपंच सुनील और पवन, सुभाष, संजय शर्मा, जाटूवास गांव से सरपंच रमेश, पंच ज्योति और हेमचंद, विकास, महेश और अंकित और गांव जैतड़ावास से सरपंच संदीप और मंदिर के महंत ने बच्चों के साथ पौधे लगाए। उन्होंने बच्चों को पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया साथ ही बुजुर्गो की सेवा करने व आदर भाव रखने का आह्वान किया।

## पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे जारी

- नशे से दूर रहने के लिए कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव नांगल शहबाजपुर, नंगली परसापुर व रायपुर में ग्रामीणों से डोर टू डोर संपर्क कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने आज एक नशा पीड़ित व्यक्ति की पहचान की है,जो नशे की लत से प्रभावित है। नशामुक्ति टीम ने पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती करवाया है। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।

### पुलिस का सहयोग करें

पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज करवाकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना मिलती है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## ग्रामीणों ने हरजीपुर के खेल परिसर में लगाए पौधे



**खोरी।** एकादशी के अवसर पर गांव हरजीपुर के खेल परिसर में पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी सुबेदार कृष्ण कुमार की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में बरगद, पीपल, जामुन, आम, चीकू और बेलपत्र के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर सूबेदार कृष्ण कुमार ने कहा पेड़-पौधे हमें दिन-रात ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ों से पर्यावरण में शुद्धता आती है। इसलिए बरसात के मौसम में सभी को पौधे अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाने से ही काम पूरा नहीं होता, बल्कि हमें लगाए गए पौधों की देखभाल करके उन्हें बड़ा भी करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व सरपंच राव रामचन्द्र, राव अजीत सिंह, दयाराम, सुबेदार रामप्रताप, हैप्पी, अर्नव, सचिन, चांद सिंह, संदीप व प्रेम सिंह मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**प्रक्रिया** निकाय विभाग ने जारी किया वार्डबंदी के लिए पत्र, पूर्व चेयरमैन सहित कमेटी में शामिल हुए चार सदस्य

# नए साल में नई बनेगी शहर की सरकार दिसंबर तक पूरा होगा वार्डबंदी का कार्य

शहर में 31 वार्ड ही रहने हैं, लेकिन मतदाताओं के वार्ड में फेरबदल संभव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



नगर परिषद कार्यालय परिसर।



पार्षद विजय राव।



पार्षद मनीष गुप्ता।

शहर की सरकार बनाने की दिशा में प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले साल के शुरू में नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनाव होने हैं। इसके लिए निकाय विभाग ने वार्डबंदी का कार्य इस साल दिसंबर माह तक पूरा कराने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। दोनों निकाय में गैर सरकारी सदस्य भी कमेटियों में शामिल कर दिए हैं। शहर में 31 वार्ड हैं, जिनमें नए सिरे से वार्डबंदी होनी है। वार्डबंदी के लिए बनी कमेटी में पूर्व चेयरमैन विजय राव, मनीष गुप्ता, मंजू भालिया, कुसुमलता व निहाल सिंह को शामिल किया गया है। यह सभी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह खेमे से जुड़े हुए हैं। विजय राव शहर की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। चेयरमैन के रूप में उनका कार्यकाल उल्लेखनीय रह चुका है। धारूहेड़ा नगर पालिका चुनाव के लिए वार्डबंदी कमेटी में गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनीषा सैनी, सुमित्रा देवी, प्रशांत यादव, अनिरुद्ध व राहुल जोशी को शामिल किया गया है। वार्डबंदी का पत्र निगमायुक्त की ओर से मंगलवार को ही जारी किया गया है, जिसके बाद शहर की सियासी हलचलें जल्द बढ़नी शुरू हो जाएंगी। शहर में 31 वार्ड ही रहने हैं, मतदाताओं के वार्ड में फेरबदल संभव है। कमेटियों को वार्डबंदी का कार्य दिसंबर माह तक पूरा करना है। इसके बाद नए साल के शुरू में ही दोनों निकायों के चुनाव होने की संभावना है।

### एमएलए से कम नहीं निकाय चुनाव

निकाय चुनाव एमएलए के चुनाव से कम नहीं होते। इन चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप होता है। वर्तमान नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव को राव ने कही भाजपा की टिकट दिलाकर जीत हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। हालांकि विजय राव भी केंद्रीय मंत्री के खास समर्थक माने जाते हैं, परंतु टिकट की लड़ाई में पूनम बाजी मार गई थीं। विपक्ष को वाइस चेयरमैन तक का पद नहीं मिला था। इस पद पर राव ने श्यामचुघ को सर्वसम्मति से आसीन करा दिया था।

### कांटों भरा रहता है चेयरमैन का ताज

नगर परिषद के चेयरमैन का ताज कांटों भरा रहता है। पहली बार राजनीति के मैदान में उतरने वाली पूनम यादव को शुरूआती दौर में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, परंतु बाद में वह शहर की सरकार चलाने में निपुण हो गइ्रं। नगर परिषद में भ्रष्टाचार का मामला लगातार चर्चा में रहता है। पूनम यादव की चेयरमैनी में कई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की गाज गिरी। इसके बावजूद पूनम यादव ने अपनी कुशल नीति से खुद पर किसी तरह के भ्रष्टाचार की आंच नहीं आने दी।